# जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा तक बस सेवा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी सरकार यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए तीन नई बस रूट सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम जेवर हवाई अड्डे और ग्रेटर नोएडा के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में दो अन्य नये रूटों का भी निर्धारण हुआ है।

■ **यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बस संचालन के लिए नए रूटों का निर्धारण**

राज्य सड़क परिवहन विभाग ने तीन नये बस रूटों का निर्धारण किया है। जिनमें से सबसे प्रमुख जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के परी चौक को जोड़ने वाला रूट है। 42 किलोमीटर लंबे इस बस रूट का लाभ विशेष तौर पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ जेवर हवाई अड्डे से आने वाले यात्रियों को ग्रेटर नोएडा से कनेक्ट करने के लिए मिलेगा। हालांकि जेवर हवाई अड्डे से परी चौक की कनेक्टिविटी के लिए वर्ष 2023 से एक बस सेवा चल रही है। यूपी सड़क परिवहन विभाग ने इसके अतिरिक्त यीडा क्षेत्र में दो और नये बस रूटों का भी निर्धारण किया है। दूसरा बस रूट यीडा के क्षेत्रीय कार्यालय से दनकौर गोलचक्कर और सेक्टर 17 होते हुए भंगेल तक 51 किलोमीटर लंबा है।